**झारखण्ड सरकार,**

**कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।**

**प्रेस विज्ञप्ति**

राँची, दिनांक 08 जुलाई, 2020

संयुक्त असैनिक प्रतियोगिता परीक्षा– 2016 के माध्यम से झारखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा झारखण्ड प्रशासनिक सेवा अन्तर्गत उप समाहर्त्ता के पद पर नियुक्ति हेतु अनुशंसित वैसे अभ्यर्थी जो शैक्षणिक/जाति/आवासीय आदि मूल प्रमाण पत्रों के सत्यापन जाँच हेतु पूर्व निर्धारित कार्यक्रम (दिनांक 06.07.2020 से दिनांक 09.07.2020 तक) के अनुसार उपस्थित नहीं हो सके हैं, उनके प्रमाण पत्रों की सत्यापन जाँच दिनांक 10.07.2020 को झारखण्ड मंत्रालय, प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा, राँची के द्वितीय तल स्थित सभागार में पूर्वाह्न 11:00 बजे से 05:00 बजे अपराह्न तक निर्धारित की गई है।

अतः एतद् द्वारा अनुपस्थित अभ्यर्थियों को विहित तिथि को मूल प्रमाण पत्रों के सत्यापन जाँच हेतु दिनांक 10.07.2020 को उपस्थित होने के लिए निदेशित किया जाता है।

8/7/20

(सुधीर कुमार रंजन)
**सरकार के संयुक्त सचिव।**

ज्ञापांक–4/नियुक्ति–01–01/2020 का॰ 3156/राँची, दिनांक 08 जुलाई, 2020

प्रतिलिपि–निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क, झारखण्ड, राँचीं को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि उक्त प्रेस विज्ञप्ति को राज्य स्तरीय सभी दैनिक समाचार पत्रों के अगले अंक में प्रमुखता से प्रकाशित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाए।

8/7/20

**सरकार के संयुक्त सचिव।**

ज्ञापांक–4/नियुक्ति–01–01/2020 का॰ 3156/राँची, दिनांक 08 जुलाई, 2020

प्रतिलिपि–श्री कुमार भास्कर, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

8/7/20

**सरकार के संयुक्त सचिव।**